DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (DCSD) परिवार को अभिनंदन,

उम्मीद है कि समाज की मौजूदा चुनौतियों का सामना करने के बावजूद आपका आने वाला सप्ताह लाभदायक हो। DCSD हमारे स्टाफ और परिवारों को गैस की कमी से हुए प्रभाव की जानकारी है; इसलिए, स्कूल अधिकारी समय पर निर्णय लेने के लिए परिस्थिति की करीब से निगरानी रखे हुए हैं।

केवल एहतियाती कदम के तौर पर, स्कूल डिस्ट्रिक्ट के वर्चुअल कार्य और शिक्षा वातावरण अपनाने की स्थिति में स्टाफ को दैनिक आधार पर ज़रूरी संसाधन, आपूर्ति, और सामग्री घर ले जानी चाहिए। वर्ष का अंत निकट आने ही वाला है, और हम अपने विद्यार्थियों, स्टाफ, और परिवारों की ज़रूरत पड़ने पर वर्चुअल तौर पर मदद करना चाहते हैं। अपने क्षेत्र में गैस का पता लगाने के लिए यहाँ क्लिक करें।

अच्छी खबर

स्कूल वर्ष समाप्त हो रहा है पर हमारे विद्यार्थियों और कर्मचारियों का शानदार काम जारी है।

मैं Rowland एलिमेंटरी स्कूल को बधाई देती हूँ जो उन आठ प्राप्तकर्ताओं में से एक है जिसे 2021 Georgia यूनाइटेड फ़ाउंडेशन स्कूल क्रैशर प्रोग्राम द्वारा अनुदान की प्राप्ति हुई। स्कूल क्रैशर इस फ़ाउंडेशन का सबसे बड़ा समुदाय सेवा कार्यक्रम है जो संपूर्ण राज्य के स्कूलों को स्कूल सुविधा में बदलाव के लिए आवेदन करने का मौका देता है।

स्कूल क्रैशर और मोहॉक कार्पेट अनुदान से Rowland के मीडिया केंद्र को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी, जिसके तहत फर्श, पेंट और बैठने की आरामदायक, लचीली व्यवस्था का काम किया जाएगा। मीडिया केंद्र को विद्यार्थियों के लिए एक आरामदायक, रंगबिरंगा और आकर्षक स्थान बनाते हुए स्कूल का मुख्य केंद्र बनाया जाएगा जिससे कि विद्यार्थियों में पढ़ने के प्रति लगाव उत्पन्न हो। Rowland के विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ को एक बार फिर से बधाई!

मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमारे एक विद्यार्थी को Amazon फ्यूचर इंजीनियर छात्रवृत्ति प्राप्त हुई है। Cedar Grove हाई स्कूल के सीनियर विद्यार्थी Etimfon Bassey को चार वर्ष के लिए $40,000 की छात्रवृत्ति और कॉलेज में पहले वर्ष के बाद Amazon में इंटर्नशिप की गारंटी प्राप्त हुई है। इस शानदार छात्रवृत्ति और Amazon में इंटर्नशिप के लिए Etimfon को बधाइयाँ!

मैं Arabia Mountain हाई स्कूल की सीनियर विद्यार्थी Niana Battle को हाल ही में Atlanta बार असोसिएशन ग्रीष्मकालीन कानून इंटर्नशिप प्रोग्राम के 25 स्लॉट में से एक पाने के लिए भी बधाई देना चाहती हूँ! इस प्रोग्राम के जरिए Atlanta क्षेत्र के उन हाई स्कूल विद्यार्थियों को गर्मियों के मौसम में काम करने का मौका दिया जाता है जो कानूनी व्यवसाय के बारे में और जानकारी रखने में दिलचस्पी रखते हैं। Niana को बधाइयाँ!

हमारे विद्यार्थियों और कर्मचारियों के सपने साकार होता देख हमेशा ही बहुत खुशी होती है। मुझे बहुत खुशी है कि Hightower एलिमेंटरी स्कूल के प्रमुख संरक्षक Mr. Tylan Bailey ने शिक्षा में डिग्री के साथ कॉलेज से स्नातक करने का अपना लक्ष्य हासिल कर लिया है और वे अब शारीरिक शिक्षा शिक्षक हैं। हम उनके आभारी हैं कि उन्होंने अपने संरक्षण कर्तव्यों के जरिए जो कुछ भी Hightower स्कूल समुदाय के लिए किया है और हमें उम्मीद है कि एक PE शिक्षक के तौर पर वे हमारे विद्यार्थियों के ऊपर सकारात्मक प्रभाव डालते रहेंगे। Mr. Bailey को बधाइयाँ!

27वें वार्षिक कम्यूनिकेटर अवाड्र्स में दो अतिरिक्त पुरस्कार जीतने के लिए संचार विभाग को भी बधाइयाँ। अधीक्षक की 100-दिवसीय रिपोर्ट के ऊपर अपने कार्य के लिए कॉर्पोरेट संचार उत्कृष्टता – वार्षिक रिपोर्ट पुरस्कार जीतने के साथ-साथ इस टीम ने अपने "वेव देम बोज़" म्यूज़िक वीडियो के लिए दो विशिष्टता पुरस्कार भी जीते, जिसे महामारी के दौरान स्कूल समुदाय को प्रेरणा देने; साथ ही प्रभावी संचार सुनिश्चित करने वास्ते स्टाफ के लिए एक आंतरिक कम्यूनिकेशंस टूलकिट के तौर पर बनाया गया था।

संचार को बेहतर बनाना डिस्ट्रिक्ट की प्राथमिकता है। हमारी कड़ी मेहनत को मान्यता देने और अन्य प्रतिष्ठित संगठनों के बीच सम्मान देने के लिए हम आभारी हैं!

सीनेट बिल 293

13 मई को, मुझे DeKalb काउंटी स्कूल बोर्ड की अध्यक्ष Vickie B. Turner और Decatur शहर के स्कूलों और DeKalb काउंटी के अधिकारियों से मुलाक़ात करने का सम्मान मिला और हमने DeKalb काउंटी और Decatur शहर के विद्यार्थियों और परिवारों के लिए फंड संरक्षित करने वास्ते अनेक वर्षों चली बातचीत के बाद सीनेट बिल 293 पारित होने का जश्न मनाया। सीनेट बिल 293 पारित होने पर, Decatur शहर द्वारा किसी भी समय विलय होने पर DCSD विद्यार्थी सेवा सहयोग समिति के निर्माण के जरिए Decatur शहर के स्कूलों के साथ मिलकर काम करेगा, और इस समिति में DeKalb काउंटी शिक्षा बोर्ड द्वारा नियुक्त तीन सदस्य और Decatur स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा नियुक्त तीन सदस्य शामिल होंगे।

हमारे पक्षसमर्थन और निर्णय लेने की प्रक्रिया वास्ते हमारे विद्यार्थियों के लिए संसाधनों का अधिक समानता से वितरण बहुत ज़रूरी है, और यह विलय बेशक हमारे विद्यार्थियों को अधिक संसाधन प्रदान करने की हमारी क्षमता को बहुत अधिक प्रभावित करेगा। हम DeKalb काउंटी, Decatur शहर के बीच सहयोग, और DeKalb काउंटी हाउस और सीनेट प्रतिनिधि मंडल को हमारे विद्यार्थियों के भविष्य के लिए ये फंड हासिल करने में उनके नेतृत्व और प्रयासों की सराहना करते हैं।

पारिवारिक टाउन हॉल

मैं हमारे परिवारों को आमंत्रित करना चाहती हूँ कि वे वीरवार, 20 मई को शाम 6 बजे से 7 बजे तक माता-पिता के लिए हमारे वर्चुअल टाउन हॉल से जुड़ें। मैं डिस्ट्रिक्ट में हमारी प्रगति की जानकारी देने और आपकी राय प्राप्त करने को उत्सुक हूँ। अधिक जानकारी के लिए यहाँ क्लिक करें।

फ़ील्ड डे

पिछले सप्ताह, Stoneview एलिमेंटरी स्कूल की लिटिल लाइब्रेरीज़ के उद्घाटन में शामिल होकर मुझे बहुत प्रसन्नता हुई! मैं स्टेट फार्म में हमारे भागीदारों का उनके अनुदान के लिए धन्यवाद करना चाहती हूँ, जिसके कारण लिटिल लाइब्रेरीज़ को खरीदना संभव हुआ। मैं देखना चाहती हूँ किस प्रकार से ये परियोजना हमारे समुदाय के निर्माण और हमारे विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए प्रेरणा देने में मदद करती है।

ग्रेजुएशन सेंट्रल

स्नातक पूर्ण होने का समय आ गया है! मैं इस सप्ताहांत और अगले सप्ताह स्नातक पूर्ण करने वाले हमारे सीनियर विद्यार्थियों का सम्मान करने को बहुत उत्सुक हूँ। कृपया स्नातक से जुड़े समाचार और अपडेट पर अधिक जानकारी देखने, और समारोह देखने के लिए हमारी ग्रेजुएशन सेंट्रल साइट पर जाएं। साथ ही, कृपया “वी आर DCSD” मैगज़ीन के वैल सैल विशेष संस्करण को देखने के लिए यहाँ क्लिक करें।

नर्स अभिमूल्यन

12 मई को, हमने डिस्ट्रिक्ट में स्कूल नर्स दिवस का आयोजन किया। हमने संपूर्ण DCSD की हमारे विद्यार्थियों की देखभाल करने वाली स्कूल नर्सों का सम्मान किया और मान्यता प्रदान की। यह सुनिश्चित करने के लिए धन्यवाद कि हमारे विद्यार्थी स्वस्थ हैं और शिक्षा के लिए तैयार हैं!

अधीक्षक समुदाय परामर्श परिषद

पिछले स्कूल वर्ष के दौरान, मुझे समुदाय लीडरों के एक ऐसे समूह के साथ काम करने का मौका मिला जिन्होंने अधीक्षक समुदाय परामर्श परिषद (SCAC) में कार्य किया है। इस समूह ने डिस्ट्रिक्ट के अकादमिक, परिचालन, और वित्तीय कल्याण से जुड़ी समस्याओं पर समर्थन, मार्गदर्शन, और नेतृत्व प्रदान करने की उनकी वचनबद्धता की दिशा में पूरी मेहनत के साथ काम किया है। स्कूल वर्ष की हमारी अंतिम बैठक का आयोजन 11 मई को किया गया था। वह अनुभव सच में बहुत अच्छा था। हम आशा करते हैं कि समूहों के बीच छोटी-छोटी वार्तालापों के लिए इस गर्मी के मौसम में इस समूह के सदस्यों को साथ शामिल करेंगे। 2021-2022 स्कूल वर्ष के लिए SCAC का आयोजन एक बार फिर से किया जाएगा।